



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल

कक्षा 7 समाधान



CGBSE Book Solutions
(Hindi Medium)

aglasem.com





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल

कक्षा 8 समाधान



CGBSE Book Solutions
(Hindi Medium)

aglasem.com

CG Board Class 7th Science Solutions

Chapter - 16

Chapter Name- (सजीवों में नियंत्रण एवं समन्वय)

Page No.: 139, Chapter: 16

प्रश्न 1 - निम्न में से कौन -कौन सी प्रतिवर्ती क्रियाएं है -

क. गर्म वस्तु से हाथ छू जाने पर हाथ का तत्काल हटना।

ख. वस्तु को उठाकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना।

ग. सोच समझकर कार्य करना।

घ. अचानक हुए धमाके की आवाज से चौकना।

ड. ठंड में ठिठुरना।

उत्तर:- क. गर्म वस्तु से हाथ छू जाने पर हाथ का तत्काल हटना।

घ. अचानक हुए धमाके की आवाज से चौकना।

ड. ठंड में ठिठुरना।

प्रश्न 2 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

क. प्रतिवर्ती क्रिया का संचालन _____ के द्वारा होता है।

उत्तर:- मेरुरज्जु

ख. मस्तिष्क तक सूचना ले जाने वाली तंत्रिका को _____ कहते है।

उत्तर:- संवेदी तंत्रिका

ग. स्पर्श का अनुभव _____ के द्वारा होता है।

उत्तर:- मस्तिष्क

घ. _____ हार्मोन के कारण हम लम्बाई में बढ़ते है।

schools.aglasem.com

aglasem.com

उत्तरः- वृद्धि

ड. रक्त में शर्करा की मात्रा पर नियंत्रण _____ ग्रंथि में बना हार्मोन करता है।

उत्तरः- अग्नाशय

च. _____ हार्मोन पौधों में पुष्प खिलने को प्रेरित करता है।

उत्तरः- जिबरेलिन

प्रश्न 3 - उचित सम्बन्ध जोड़िये -

वृषण एवं अंडाशय	**रक्त में शर्करा की मात्रा पर नियंत्रण**
अग्नाशय	**द्वितीय लैंगिक लक्षण**
पीयूष ग्रंथि	**पादप हार्मोन**
जिबरेलिन	**मास्टर ग्रंथि**

उत्तर :-

वृषण एवं अंडाशय	द्वितीय लैंगिक लक्षण
अग्नाशय	रक्त में शर्करा की मात्रा पर नियंत्रण
पीयूष ग्रंथि	मास्टर ग्रंथि
जिबरेलिन	पादप हार्मोन

प्रश्न 4 -निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये -

1. **सजीवों में रासायनिक नियंत्रण एवं समन्वय किसके द्वारा किया जाता है?**

schools.aglasem.com

aglasem.com

उत्तर :- अन्तः स्त्रावी ग्रंथियों के द्वारा सजीवों में रासायनिक नियंत्रण एवं समन्वय होता है ,इन ग्रंथियों से भिन्न -भिन्न प्रकार के रसायनों का स्त्राव होता है।

2. प्रेरक तंत्रिका का कार्य बताइये ?

उत्तर :- प्रेरक तंत्रिका तंत्र द्वारा मस्तिष्क एवं मेरुरज्जु के आदेश को शरीर के विभिन्न अंगों तक पहुंचाया जाता है।

3. संवेदी अंग किसे कहते है ?

उत्तर :- वे अंग जिनसे हम बाह्य उद्दीपनों को (संवेदनाओं को)ग्रहण करते है ,संवेदी अंग कहलाते है। संवेदी अंग है - नाक ,कान ,जीभ ,आंख ,त्वचा।

4. अन्तः स्त्रावी ग्रंथियों को नलिकाविहीन ग्रंथियों क्यों कहा जाता है ?

उत्तर :- अन्तः स्त्रावी ग्रंथियों में बने हार्मोन्स को शरीर के किसी भी अंग (भाग) में पहुंचाने हेतु कोई नली नहीं होती इस कारण इसे नलिकाविहीन ग्रंथिया कहते है।

5. पादप हार्मोन के कार्य लिखिए।

उत्तर :- पादप हार्मोन के निम्नलिखित कार्य होते है -

(i) ऑक्सीजन -यह हार्मोन पौधों में वृद्धि को प्रेरित करता है।

(ii) जिबरेलिन -पौधों में पुष्पन को प्रेरित करता है।

(iii) साइटोकाइनिन - पौधों में कोशिका विभाजन (cell division) को प्रेरित करता है।

(iv) एब्सिसिक एसिड - पौधों में पूर्ण वृद्धि होने के पश्चात ,वृद्धि को रोकने का कार्य करता है।

schools.aglasem.com

aglasem.com